## ईदमिलादुन्नबी पर सिंगोड़ी में निकाला जुलूस, मुस्लिम धर्मावलंबियों ने किया लंगर का आयोजन



# सरकार की आमद मरहबा के नारों से गूंज उठे शहर और अंचल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

जश्ने ईद-मीलादुन्नबी के मुबारक मौके पर सुक्रवार दोपहर जुमा की नमाज के बाद करीब तीन बजे अंजुमन कमेटी के द्वारा मस्जिद परिसर से जुलूस एवं चल समारोह आयोजित किया गया। जो बाजार चौक होते हुए मेन रोड बस स्टैंड से वापस मस्जिद परिसर पहुंचा तथा कार्यक्रम का समापन हुआ। सदर इलमन मिस्किनी ने बताया की इस वर्ष हम मुस्लिमों के लिए ईद मिलादुन्नबी बहुत ही खास है क्यों इस वर्ष हम अपने नबी करीम का पंद्रासौ जन्मदिवस मनाए है। वही जगह जगह मुस्लिम बहुल इलाकों में मिष्ठान शरबत फल पानी चाय काफी लंगर वितरित किया गया। इस दौरान सिंगोड़ी स्थित मरही माता मंदिर समिति के द्वारा चल समारोह में सामिल मुस्लिम समाज को इत्र लगाकर स्वागत किया और ईद की मुबारक दी तथा मुस्लिम समाज ने भी जुलूस के दौरान सभी समुदाए को गुलाब का फूल भेंट कर ईद की मुबारक बाद दी। वही जश्ने ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर सिंगोड़ी अंजुमन इस्लाहुल मुस्लिमीन कमेटी ने कई कार्यक्रम आयोजित किए थे जिसमें शिक्षा को लेकर दीनी वा दुनियावी सवाल जवाब का एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया था जिसमे उपस्थित अथितियो ने ऐसे कार्यक्रम को सामाजिक हित में बताया।




## कांग्रेस ने ईदमिलादुन्नबी के जुलूस का किया स्वागत

**छिन्दवाड़ाः**- जिला छिन्दवाड़ा सम्पूर्ण मध्यप्रदेश और देश में अपनी एक अलग पहचान रखता है। क्योंकि यहां सर्वधर्म सद्भाव केवल नारा नहीं है, अपितु प्रत्येक नागरिक के जीवन का हिस्सा है। भाईचारे के साथ हर तीज और त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाकर साम्प्रदायिक एकता की मिसाल प्रस्तुत करते हैं। भुजलिया उत्सव पर निकलने वाले चल समारोह का मुस्लिम भाई अभिनंदन करते हैं तो वहीं ईद मिलादुन्नबी पर समस्त हिन्दू भाई जुलूस का इस्तकबाल करते हैं। यह कौमी एकता की सबसे बड़ी मिसाल है। आज ईद मिलादुन्नबी पर देश, प्रदेश व जिले में अमन चैन की दुआ कर मुस्लिम भाइयों के द्वारा जुलूस निकाला गया। नगर के प्रमुख व निर्धारित मार्गों से होते हुये जुलूस स्थानीय फव्वारा चौक पहुंचा, जहां जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा स्वागत किया गया। आयोजित कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री विश्वनाथ ओकटे, पांढुर्ना जिला प्रभारी श्री गंगाप्रसाद तिवारी, आनंद बक्शी, धर्मेन्द्र सोनू मांगो, हा. लाल साहब, भैयाजी शिवहारे, शहर अध्यक्ष पप्पू यादव, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ अध्यक्ष फिरोज खान, मुकेश उपाध्याय, इब्नेहसन रिजवी, टिंकू राय, तरूण कराड़े, अर्जुन बघेल, अशोक झा, दीपा यादव, रणु डेहरिया, नारू सोनी, अजीत पटेल, रासिद खान, अजीत पटेल, स्वप्निल शर्मा, नसीमउद्दीन खान, अरूण शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।



## ईदमिलादुन्नबी पर्व कोयलांचल में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया

**परासिया** : इस्लाम धर्म के संस्थापक हजरत मोहम्मद पैगंबर साहब का जन्मदिवस ईद मिलादुन्नबी शुक्रवार को मुस्लिम समाज द्वारा बड़े ही अकीदत के साथ मनाया गया। जिसमें जगह - जगह जुलूस निकाले गए। जिसका स्वागत किया गया। मस्जिदों में परचम कुसाई की गई। हजरत की शान में सलाम पेश किया गया। देश में अमन चैन की दुआ मांगी गई। कई स्थानों पर कौमी एकता की मिसाल पेश करते हुए अन्य धर्म के लोग भी जुलूस में शामिल हुए। मिठाई जूस बिस्किट व अन्य सामग्री बांटी गई। परासिया में जुलूस का आगाज़ टेक मौहल्ले से प्रारंभ हुआ। जो नगर का गश्त करते हुए खिरसाडोह पहुंचा जहां से वापस परासिया आकर जहां जुलूस का समापन किया गया। चांदामेटा में उर्दू स्कूल से प्रारंभ होकर जुलूस बाजार चौक पहुंचा जहां से जामा मस्जिद गया जहां शहर इमाम हाजी लियाकत साहब द्वारा परचम कुशाई की गई। जिसके बाद जुलूस मुख्य मार्ग होते हुए सीएमई स्टोर पहुंचा जहां से वापस मंगली बाजार होते हुए गरीब नवाज मस्जिद में जुलूस का समापन किया गया। इसी तरह बड़कुही, न्यूटन नगरीय क्षेत्र के अलावा इकलेहरा अंबाडा, रावनवाड़ा, शिवपुरी, उमरेठ क्षेत्र में भी जुलूस निकाला गया। स्थानीय अंजुमन कमेटी के नेतृत्व में सभी स्थानों पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्षेत्र भर में शांति पूर्ण सफल आयोजन में पुलिस प्रशासन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। जिसने व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए यातायात को सुचारू जारी रखा। बाईक रैली निकाली गई :-ईद मिलादुन्नबी पर्व के अवसर पर युवाओं ने बाइक रैली का आयोजन किया जोकि चांदामेटा से प्रारंभ होकर मुख्य मार्ग से परासिया खिरसाडोह पहुंची। जहां से वापस होकर जिसका चांदामेटा में समापन किया गया। इस दौरान युवाओं ने धार्मिक झंड़े व मुस्लिम नारे लगाते रहे। रैली में बड़ी संख्या में युवा शामिल थे। रैली का जगह-जगह स्वागत किया गया मिष्ठान वितरित किए गए।



## विद्यार्थियों को तंबाकू के बारे में किया जागरूक



**छिंदवाड़ा।** शांतिनाथ हाई सेकेंडरी स्कूल, छिंदवाड़ा में आज एक महत्वपूर्ण तंबाकू जागरूकता कार्यक्रम डॉक्टर रवि चौरे एवं मेनका सिंह के द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें दसवीं, ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा के छात्रों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को तंबाकू के सेवन के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूक करना और उन्हें तंबाकू निषेध के प्रति प्रेरित करना था। इसमें बताया गया की नशे का दुष्प्रभाव सिर्फ उसे व्यक्ति को तबाह नहीं करता जो इसका आदी होते हैं बल्कि यह पूरे परिवार, समाज और देश को भी जर्जर करता है देश को मजबूत बनाने के लिए नशा मुक्त समाज का निर्माण अति आवश्यक है।कार्यक्रम के दौरान, छात्रों को तंबाकू के सेवन से होने वाले नुकसान और इसके दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया गया। स्लाइड्स और डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से छात्रों को तंबाकू के सेवन के कारण, इससे होने वाली हानियों और इससे बचाव के तरीकों के बारे में समझाया गया।कार्यक्रम के अंत में, सभी छात्रों ने तंबाकू निषेध के लिए शपथ ली और अपने जीवन में तंबाकू सेवन न करने और अपने विद्यालय परिसर को तंबाकू मुक्त रखने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को तंबाकू के हानिकारक प्रभावों से बचाना और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।स्कूल प्रशासन ने इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए आयोजकों को धन्यवाद दिया और उम्मीद जताई कि यह कार्यक्रम छात्रों के लिए उपयोगी साबित होगा।

## जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर सर्व धर्म समभाव की पेश की अनूठी मिसाल

### शिवपुरी में हुआ 56 यूनिट रक्तदान, जरूरतमंदों को मिलेगा इसका लाभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

जश्ने ईद मिलादुन्नबी के पावन अवसर पर मानवता और भाईचारे की एक अनूठी मिसाल पेश करते हुए शिवपुरी में एक ऐतिहासिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह पहल यंग मुस्लिम कमेटी, 'जागते रहो ग्रुप' और 'खून का रिश्ता ग्रुप' के संयुक्त तत्वावधान में समाजसेवी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस शिविर में सभी धर्मों के लोगों ने बढ़ - चढ़कर हिस्सा लिया और 56 यूनिट रक्तदान कर समाज में सकारात्मकता का संदेश दिया।यह शिविर जिला अस्पताल में भर्ती गरीब और जरूरतमंद मरीजों को रक्त उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।

**इन्होंने किया रक्तदान :-** मकरनद्दीन अली, शेख हबीब, सोहेल खान, शेख इजराइल, फैजान खान, शेख ईशा, शेख खालिद, नदीम खान, आमिर खान, मोहसिन खान, श्राद्ध अली, जावेद अली, सबीना खान, नारायण गिरी, शहजाद चिश्ती, अब्दुल निसार, आरिफ अली, तौफीक रजा, इस्माइल खान, सोहेल खान, तौफीक अली, मोहम्मद हसन, सोहेल खान, मोहम्मद कयूम, यासुद्दीन अहमद, श्रेयांश पाडे, इम्तियाज अली, असहाब अहमद, आहिंद अली, जावेद खान, जेबा अली, शेख शरीफ, जुनेद खान, जुबेर खान, शेख तली रियाज, राहुल माथुरे, तरुण विश्वकर्मा, मोहम्मद वकील, विजय सतनामी, त्रिभुवन श्याम, शाहिद हुसैन, रितेश कवरेती, साबिर खान, राकेश सिंह, अनवर मंसूरी, मोहम्मद इरफान, शाहिद खान, ताहिरा खान, मोहम्मद जुनेद, मोहम्मद साहिल, बलवंत पटेल, शुभम रावतेल, शेख अनवर, एजान अहमद, कौसेनरजा और मोहम्मद समीर शामिल है।

## छात्रा हर्षी तांडेकर ने किया निशानेबाजी में कमाल, डिवीजनल स्तर पर जीता स्वर्ण पदक

**परासिया।** संत चावरा नेशनल अकादमी की कक्षा 8वीं की छात्रा हर्षी तांडेकर ने डिवीजनल स्तर की शूटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि के साथ ही हर्षी ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी अपनी जगह पक्की कर ली है।प्रधानाचार्य फादर जैसन ने हर्षी की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हमें उसकी मेहनत और समर्पण पर गर्व है। विद्यालय के समस्त स्टाफ ने भी हर्षी को इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर बधाई दी है और आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी हैं।हर्षी की इस सफलता से अकादमी में निशानेबाजी के प्रति रुचि बढ़ने की संभावना है और अन्य छात्रों को भी इससे प्रेरणा मिलेगी।




## हार्दिक ने आईआईटी रुड़की में किया टॉप



**छिंदवाड़ा।** शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी संजय सहानी एवं भारतीय जीवन बीमा में कार्यरत श्रीमती रीता साहनी के बेटे हार्दिक साहनी ने जिले का नाम पूरे देश में ऊंचा कर दिया जब गुरुवार को आयोजित आई आई टी रुड़की के दीक्षांत समारोह में छिंदवाड़ा के बेटे हार्दिक साहनी को केंद्रीय मंत्री विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी जितेंद्र सिंह के हाथों गोल्ड मेडल प्रदान किया गया। हार्दिक साहनी बचपन से पढ़ाई को लेकर गंभीर रहे। 12 वी के बाद हार्दिक का चयन आई आई टी रुड़की के लिए हुआ। हार्दिक ने रुड़की में मैकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी लगन और मेहनत से करते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया। हार्दिक ने अपनी सफलता में सबसे प्रमुख योगदान अपने पिता संजय सहानी और मां श्रीमती रीता साहनी का होना बताते हैं। हार्दिक कहते हैं कि अगर माता पिता बचपन से उन्हें कड़े अनुशासन और नियमित दिनचर्या में नहीं रखते तो वे आज इस सफलता को प्राप्त नहीं कर पाते।

## गौरव दिवस के समापन समारोह में शहीदों के परिजनों व शिक्षकों का सम्मान, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

### विविध प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विजेताओं को किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



छिंदवाड़ा नगर के गौरव दिवस के अंतर्गत आयोजित पांच दिवसीय कार्यक्रमों का समापन शुक्रवार को दशहरा मैदान में बड़े ही उत्साह और गरिमामय वातावरण में हुआ। इस अवसर पर जहां शहर के राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों को सम्मानित किया गया, वहीं मातृभूमि की रक्षा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीदों के परिजनों को भी विशेष रूप से सम्मानित कर उनका गौरव बढ़ाया गया।नगर निगम महापौर विक्रम अहके ने बताया कि कार्यक्रम में शहरवासियों के लिए विभिन्न मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया, जिसने वातावरण को और अधिक जीवंत बना दिया। इसके साथ ही विविध प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विजेताओं भी पुरस्कृत किया गया।

समापन समारोह का मुख्य आकर्षण सांस्कृतिक संध्या रही, जिसमें विशेष रूप से बॉलीवुड गायक सवाई भट्ट मंच पर पहुंचे। उन्होंने अपनी मधुर आवाज में बॉलीवुड गीतों के साथ लोकगीतों की मनमोहक प्रस्तुति देकर उपस्थित जनसमूह को झूमने पर मजबूर कर दिया। इसके साथ ही बीकानेर से आई राजस्थानी लोक कलाकार शहनाज ने अपनी प्रस्तुति से लोगों का मन मोह लिया।सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लेने के लिए शहर से बड़ी संख्या में आमजन, कला प्रेमी और युवा मौजूद रहे।

कार्यक्रम स्थल पर देर रात तक तालियों की गूंज और उत्साह का माहौल बना रहा।इस गरिमामय अवसर पर अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।गौरव दिवस का यह समापन कार्यक्रम शहर की सांस्कृतिक धरोहर, परंपरा और सामाजिक एकजुटता का सशक्त उदाहरण बनकर स्मरणीय हो गया।

### चांदामेटा का मामला, पुलिस हुई लाचार, हिन्दू संगठनों में नाराजगी

## ईदमिलादुन्नबी के जुलूस में फिलिस्तीन का झंडा लहराने पर हुआ हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में बुधवार को निकाले गए ईद मिलाद उन नबी अवसर पर निकले गए जुलूस को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। दरअसल जुलूस के दौरान एक युवक ने फिलिस्तीन का झंडा लहराया।शुक्रवार को छिंदवाड़ा के चांदामेटा में जुलूस निकाला गया। दरअसल इस जुलूस में शामिल कुछ युवकों द्वारा डीजे की धुनों के साथ निकाले गए जुलुस में फिलिस्तीन का झंडा लहराया। वहीं फोटो-वीडियो वायरल होने के बाद इस घटना पर विवाद खड़ा हो गया।

हिन्दू संगठनों के विरोध के बाद पुलिस अँधेरे में हाथ पैर मारते हुए कार्यवाही करने की बात कह रही है। घटना के विरोध में हिन्दू जागरण मंच, बजरंग दल आदि संगठनों ने अपनी गंभीर प्रतिक्रिया दी। और घटना के विरोध में अनुविभागीय पुलिस अधिकारी परासिया को ज्ञापन सौंपा है। हालांकि घटना पर अनुविभागीय पुलिस अधिकारी जितेंद्र सिंह का कहना है कि हम संबधित व्यक्ति की जानकारी लें रहें है। जानकारी के अनुसार जुलूस दोपहर के समय में शुरू हुआ और जैसे ही चांदामेटा थाने के सामने पहुंचा तभी कुछ युवकों द्वारा ने फिलिस्तीन का झंडा लहराया तब तक स्थानीय लोगों ने घटना की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी जिसके बाद शहर में बवाल खड़ा हो गया।दरअसल इस जुलूस का स्थानीय लोगों के द्वारा भी स्वागत किया गया।



हर तरफ उत्साह और खुशी का माहौल नजर आ रहा था।लेकिन हालात अचानक बदल गए जब मुख्य मार्ग में मौजूद कुछ युवकों ने फिलिस्तीन का झंडा निकाला और उसे लहराना शुरू कर दिया। वहीं इसके लेकर स्थानीय हिंदू संगठनों में नाराजगी बढ़ी।पुलिस की कार्रवाईहालांकि परासिया पुलिस ने इस घटना पर विवादों को रोकने के लिए कड़ी कार्रवाई करने की बात की है। जानकारी के अनुसार पुलिस ने फिलिस्तीन का झंडा लहराने वाले युवक की जानकारी जुटा रही है।

# पांढुर्णा जिला अध्यक्ष बने धीरज जायसवाल

**सौंसर।** बजाज ग्राम साँवली मे स्थित होटल में जायसवाल समाज संगठन की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई, बैठक में वरिष्ठ सदस्य प्रभुशंकर जायसवाल के मुख्य अतिथि एवं विनोद जायसवाल कि अध्यक्षता में जायसवाल समाज संघठन का सर्वसम्मति सेजिला पांढुर्ना का गठन किया गया,बैठक का शुभारंभ भगवान सहस्त्रबाहुजी के छाया चित्र पर तिलक लगाकर, पुष्प हार पीनाकर, दीप प्रजवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।इस दौरान सर्वसम्मति धीरज जायसवाल सौसर को जिला पांढुर्णा जायसवाल समाज संगठन का जिला अध्यक्ष घोषित किया गया।वही सचिव राजीव जायसवाल, उपाध्यक्ष विजेंद्र जायसवाल लोधीखेड़ा, आनंद जायसवाल सौसर,सहसचिव गणेश जायसवाल सौसर, जितेंद्र जायसवाल पांढुर्ना, कोषाध्यक्ष राजकुमार जायसवाल राजना, प्रचार मंत्री नीलेश जायसवाल रामाकोना, कृष्णकिशोर जायसवाल पीपला,कार्यालय मंत्री रूपेंद्र जायसवाल पांढुर्ना, सोशल मीडिया प्रभारी मर्दुल जायसवाल रामाकोना, को बनाया गया है। कार्यकारिणी सदस्य में धीरज जायसवाल,रमेश जायसवाल, राजेश जायसवाल,तरुण जायसवाल, पवन जायसवाल, राजाबाबू जायसवाल, शैलेन्द्र जायसवाल ओर,संरक्षक मेंसुरेशजी जायसवाल विनोद जायसवाल,संयोजक जगदीश जायसवाल,अमरीश जायसवाल,सलाहकार समितिअशोक जायसवाल,प्रदीप जायसवाल, सूरज जायसवाल,वीरेंद्र जायसवाल का समावेश है।नवनियुक्त जिला अध्यक्ष धीरज जायसवाल ने बताया कि संगठन के माध्यम सेसामाजिक, रचनात्मक, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, धार्मिक, समाज के उत्थान के लिये कार्य किया जाएगा, बैठक का संचालन राजकुमार जायसवाल,आभार कैलाश जायसवाल ने किया।

## तहसील कार्यालय में शौचालय के लिए परेशान होते हैं लोग

# शासकीय कार्यालय के सामने जमा हो रहा गंदा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

हरदिन हो रही बारिश के चलते शासकीय कार्यालयो की व्यवस्था गड़बड़ा गई है। सौसर मुख्य शासकीय कार्यालय में गंदगी कीचड़ एवं पानी जमा होने के चलते हितग्राहियों ग्रामीनो के साथ अधिकारियों को आवागमन करने में भारी दिक्कत हो रही है।

नगर के तहसील कार्यालय, जनपद पंचायत, जल संसाधन विभाग एवं रजिस्टार ऑफिस आरईएस विभाग, लोकसेवा केंद्र के सामने जरा सी बारिश होने के बाद में तलाब जैसा नजारा बन जाता है। जिसके चलते विभिन्न शासकीय अर्थशासकीय कार्य से नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले सैकड़ो ग्रामीण हितग्राहियों को कीचड़ और गंदगी से परेशान होकर आवागमन करना पड़ता है। परिसर में जमा पानी के कारण मच्छरों और आवारा जानवरों की भरमार बढ़ जाती है।लोक सेवा केंद्र,सौसर शिक्षा विभाग और जनपद में आने जाने वाले लोगों को भारी परेशानी होती है।

इस परिसर में बने हुए गदा में बड़े पैमाने पर गंदा पानी जमा हो जाता है। पूर्व में कई बार इस परिसर को व्यवस्थित करने की मांग जिम्मेदारों से की गई है।बावजूद इसके समतलीकरण नहीं होने के कारण जरा सी बारिश होने के बाद में यहां पर तालाब बन जाता है। रजिस्ट्री ऑफिस में जमीन संबंधी कार्य से आए राकेश दुर्गे ने बताया जरा सी बारिश होने के बाद में यहां पर गंदगी और तालाब बन जाता है।जिसके चलते विभिन्न कार्य से आने वाले लोगों महिलाओं छात्राओं को भारी परेशानी होती है। कई बुजुर्ग लोग कीचड़ के कारण गिर जाते हैं। जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों ने व्यवस्था बनानी चाहिए।

### शौचालय के लिए होना पड़ता है ग्रामीणों को परेशान



कहने को तो तहसील कार्यालय और एसडीएम कार्यालय परिसर में कई विभागों कार्यालय का संचालन के कारणरजिस्ट्री नामांतरण,शिकायत, पावती खसरा किश्तबंदी, जाति प्रमाण पत्र आय प्रमाण पत्र आदि कार्यों को लेकर बड़े पैमाने पर छात्र-छात्राएं ग्रामीण युवको एवं महिलाओं का दिनभर आवागमन लगा रहता है।प्रशासन मुख्य कार्यालय होने के बावजूद भी यहां पर आने वाले लोगों के लिए शौचालय की कोई अच्छी व्यवस्था नहीं है। मजबूरी में शर्मसार होकर लोगों को गलीयो खुले में शोच करनी पडती है।तहसील कार्यालय परिसर में बने हुए शौचालय में बड़ी मात्रा में गंदगी बदबू आती है। जिसके चलते शौचालय में जाने से लोग कतराते हैं। खासतौर पर अच्छा शौचालय नहीं होने के चलते इस परिसर में आने वाली युवतियो एवं महिलाओं विकलांगो को शर्मसार होना पड़ता है। कार्यालय के अधिकारियों के लिए उनके चेंबर में बढ़िया शौचालय की व्यवस्था है। परंतु जिनके भरोसे पर अधिकारियों की नौकरी चल रही है उनके लिए एक सर्वसुविधा युक्त शौचालय भी नहीं है। यहां पर सर्वसुविधा युक्त शौचालय बनाने की मांग की जा रही है।

# उत्कृष्ट कार्यों के लिए शिक्षकों को किया गया सम्मानित



**सौंसर।** शुक्रवार को शिक्षक दिवस के अवसर पर रिधोरा सिमटी महाविद्यालय परिसर में बड़े हर्षोल्लास के साथ शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान उत्कृष्ट कार्य को लेकर शिक्षकों को सम्मानित भी किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुई। महाविद्यालय के प्राचार्य ईश्वर श्रोते मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अजय चौरे ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उनका स्मरण किया।कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियाँ दीं। नृत्य, गीत, कविताएँ और भाषणों के माध्यम से छात्रों ने अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान व्यक्त किया। इस अवसर पर छात्रों ने शिक्षकों की भूमिका निभाकर कक्षा संचालन भी किया, जिससे वातावरण अत्यंत उत्साहपूर्ण हो उठा। पूर्व विधायक अजय चौरे ने कहा कि "शिक्षक समाज की रीढ़ हैं। उनकी मेहनत और मार्गदर्शन से ही छात्र जीवन में सफलता प्राप्त करते हैं।" उन्होंने सभी छात्रों से आह्वान किया कि वे अपने जीवन में सदैव गुरुजनों का सम्मान करें और उनकी सीख को आचरण में उतारें। इस अवसर पर सिमटी महाविद्यालय के प्राचार्य श्री ईश्वर श्रोते,सूर्यकांत डिगरसे, साजिद कुरैशी,अंकित भक्ते ,मयूर अतकरे, अमोल रंगारे,श्रीमती रत्नमाला चरपे, श्रीमती रेणुका रेवतकर, निकिता वाडबुदे, मयूरी ढोके, वैष्णवी लवहाले, दीक्षिता पालीवाल, कल्याणी आष्टीकर, महिमा सेंदरे , प्रतीक्षा ढोबले, सुनीता कोरड़े प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# सेवानिवृत शिक्षकों का किया गया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

अजवानी फाउंडेशन जुन्नारदेव द्वारा सेवानिवृत शिक्षकों का सम्मान कार्यक्रम का आयोजन नगर पालिका मंगल भवन वार्ड क्रमांक 5 में रखा गया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे, वार्ड क्रमांक 05 की पार्षद नीता शरद कुरोलिया, वार्ड 11 के पार्षद संजय जैन, वार्ड क्रमांक 10 पार्षद अरुणेश जायसवाल, वार्ड क्रमांक 04 की पार्षद सीमा चौरसिया, वार्ड क्रमांक 02 पार्षद दीप्ति कांता साहू, देवेंद्र टांडेकर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नगरीय क्षेत्र सहित ग्रामीण अंचल के सेवानिवृत्ति शिक्षकों ने अपनी भागीदारी दी। कार्यक्रम आयोजक डॉक्टर पी अजवानी ने उपस्थित शिक्षकों का स्वागत सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन अनुरोध शर्मा द्वारा किया गया।कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत शिक्षकों ने अपने विचार व्यक्त किए। सेवानिवृत शिक्षिका सरस्वती बुनकर ने कहा कि हम शिक्षक, हम शिक्षा की तस्वीर बदल देंगे, भारत के नन्हे मुन्नो तकदीर बदल देंगे। शिक्षक हेमंत बुनकर द्वारा शिक्षा और शिक्षक का अटूट संबंध बताया। व्यापारी संघ के अध्यक्ष तरुण बत्रा ने वैदिक काल से वर्तमान तक की शिक्षा पर प्रकाश डाला, सेवानिवृत शिक्षक साबिर अली ने शिक्षक को समाज का आईना बताया।

हरीश पांडे द्वारा समाज के उत्थान में शिक्षकों की विशेष योगदान के संबंध में विचार व्यक्त किए कार्यक्रम में भाजपा नेता अपील समिति सदस्य पार्षद संजय जैन ने सभा घर में अपने विचार व्यक्त करते हुए शिक्षक को समाज मैं विशेष स्थान है इसे सर्वोपरि माना गया हैकार्यक्रम आयोजन डॉ पी अजवानी ने सभी सेवानिवृत्ति शिक्षकों को स्वस्थ और मस्त रहने के टिप्स दिए उन्होंने योग को निमित्त दिनचर्या में ढालने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित समस्त सेवानिवृत शिक्षकों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आभार अनुराग शर्मा द्वारा किया गया।

# पुष्पवर्षा और शॉल श्रीफल भेंटकर शिक्षकों को किया गया सम्मानित

## मां जन्म देती है गुरु जीवन जीने की सीख देते है - पं रमेश दुबे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई



जिले के सांसद श्री साहू भाजपा जिलाध्यक्ष श्री यादव पूर्व विधायक श्री दुबे सहित अन्य अतिथियों ने किया सम्मान ।चौरई। नगर के अन्नपूर्णा लॉन में पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्ण की जयंती एवं शिक्षक दिवस के अवसर पर जनपद पंचायत व नगर पालिका चौरई द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि मान सांसद विवेक बंटी साहू, कार्यक्रम अध्यक्ष भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव, मुख्य वक्ता राजा शंकर शाह वि वि छिंदवाड़ा के कुलपति श्री इंद्रप्रसाद त्रिपाठी विशेष अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष विधायक पं रमेश दुबे, पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश पोफली अरुण कपूर नरेंद्र परमार पूर्व विधायक नत्थन शाह कवरेती वरिष्ठ नेता आशीष ठाकुर शामिल हुए ।शिक्षकों की ओर से दो वरिष्ठ शिक्षकों को सम्मान स्वरूप मंच पर अतिथि बनाकर बैठाया गया ।अतिथियों ने मां सरस्वती भारत माता व डॉ राधाकृष्णन जी का पूजन के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया अतिथियों ने कार्यक्रम में आए सभी शिक्षकों के ऊपर पुष्पवर्षा उपरांत शाल श्रीफल भेंटकर सभी का सम्मान किया ।स्वागत भाषण देते हुए श्री दुबे ने कहा कि अतिथियों और भविष्य गढ़ने वाले सम्माननीय शिक्षकों का हृदय से स्वागत अभिनंदन करता हूं यह आयोजन शिक्षकों के सम्मान में किया गया है आप सभी हमारे सम्मान को सहर्ष स्वीकार कीजिए ।विधायक कमलेश शाह ने कहा कि आपका परिश्रम आपकी शिक्षा अच्छे समाज का निर्माण करती है।

# अनंत चतुर्थी पर निकलेगी शोभायात्रा

**सौंसर।** भाद्रपद के पवित्र माह में जैन समुदाय द्वारा 28 अगस्त से से प्रारभ पर्युषण पर्व का कल अनंत चतुर्थी पर समापन हुआ। इस अवसर पर समाज बंधुओं द्वारा श्रीजी की शोभायात्रा निकल नगर भ्रमण किया जाएगा जानकारी में हैं मंदिर अध्यक्ष यूसी जैन ने बताया कि नगर के सिविल लाइन स्थित श्री 1008 शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में बीते 28 अगस्त से 6 सितम्बर तक पर्युषण पर्व पर श्रीजी का दूध दही जल से अभिषेक, शांतिधारा, पूजा, आराधना, दस लक्षण धर्म की पूजा , देव शास्त्र पूजा सहित कई अन्य पूजा पाठ की जा रही है वही रात्रि छोटे बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रतियोगिता सहित अन्य कार्यक्रम संपन्न हो रहे है। शुक्रवार को मंदिर में दिनभर अनंत चतुर्दशी के अवसर पर 14 पूजा की गई।

# शंकरराव बोबडे सौंसर का निधन



**सौंसर।** शहर के प्रतिष्ठित वार्ड नंबर 6 निवासी सुनील बोबडे एवं अनिल बोबडे के पिता सेवानिवृत्त शिक्षक शंकरराव बोबडे (84) का शुक्रवार सुबह निधन हो गया।दिवंगत बोबडे लंबे समय से बीमार चल रहे थे।सावता चौक से निकली अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में समाज बंधुओ के अलावा राजनीतिक,सामाजिक, सांस्कृतिक धार्मिक क्षेत्र के लोगों बड़ी संख्या में अंतिम यात्रा में शामिल होकर 2 मिनट का मौन धारण करते हुए स्थानीय मोक्ष धाम में श्रद्धांजलि अर्पित की गई है।दिवंगत शंकरराव जी बोबडे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।
इस दौरान सौसर प्रेस क्लब के पत्रकार साथियों के द्वारा भी 2 मिनट का मौन धारण करते हुए श्री बोबडे को श्रद्धांजलि अर्पित की गई है।

## मुस्लिम समाज ने नगर में पारंपरिक ढंग से भव्य जुलूस निकाला

# उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईद-ए-मिलादुन्नबी

हरिभूमि न्यूज लांजी।



धर्मनगरी लांजी में मुस्लिम समुदाय की ओर से ईद मिलादुन्नबी का पर्व शुक्रवार को पूरे हर्षोल्लास और धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। मौके पर मुस्लिम समाज के लोगों ने पारंपरिक ढंग से भव्य जुलूस निकाला। जुलूस याकूबिया मस्जिद से सुभाष चौक होते हुए नगर भ्रमण करते हुए वापस मस्जिद में समाप्त हुआ, वहीं एक जुलूस बिसोनी मस्जिद से निकलकर मुख्य जूलूस में शामिल हुआ। जुलूस में मुस्लिम समाज के लोग शामिल हुए। नारे-तकबीर और इस्लामी पैगाम से पूरा नगर गुंजायमान रहा। इस दौरान स्थानीय लोगों ने जगह-जगह जुलूस का भी स्वागत किया। पर्व को लेकर मुस्लिम धर्मावलंबियों में भारी उत्साह देखने को मिला। जुलूस के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस बल लगातार जुलूस के साथ मौजूद रहा और क्षेत्र भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था पर नजर बनाए रखा। जिससे उक्त कार्यक्रम शांति व सौहाद्र्र के माहौल में संपन्न हो गया। इस दौरान इमाम साहब मोहम्मद सुलेमान ने कहा कि कायनात में वही इंसान बेहतर है, जो भलाई का काम करे। ईद-ए-मिलादुन्नबी आपसी भाईचारा, इंसानियत और भलाई का पैगाम है, जिसे हम सबको अपनाना चाहिए। उन्होंने लोगों से समाज में शांति, सहयोग और एकता बनाए रखने की अपील की। मौके पर मुस्लिम युवक साजिद शालू अली, नावेद खान, असीम खान, तौसीफ शेख, नासिर खान, साजिद खान, वसीम खान, सूफियान खान, अरमान शेख, जुनेद खान, समीर खान, साहिल खान सहित बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य लोग और मुस्लिम समुदाय के सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# मनुष्य के जीवन में गुरुओं से बड़ा कोई नहीं-विवेक पटेल

***शिक्षक दिवस पर विधायक विवेक पटेल ने तिलक वंदन कर शिक्षकों का शाल श्रीफल से किया सम्मान***



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** शिक्षक समाज का दर्पण होता हैं, शिक्षकों का हमारे जीवन में बहुत बड़ा महत्व होता हैं। गुरु से हमें माता-पिता के बाद शिक्षा ग्रहण करने की दिशा में संस्कारवान शिक्षा के साथ-साथ उच्च शिक्षा भी प्राप्त होती हैं। वारासिवनी-खैरलाँजी क्षेत्र के विधायक विवेक विक्की पटेल ने सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन की जयंती पर वारासिवनी विधायक जनसंपर्क कार्यालय में शिक्षक दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में विधायक विवेक विक्की पटेल और सभी शिक्षकों द्वारा मां सरस्वती व सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद विधायक विवेक पटेल ने लगभग 125 सेवानिवृत्त शिक्षकों का बारी-बारी से तिलक वंदन कर शाल श्रीफल से सम्मान कर उनका आशीर्वाद लिया।

कार्यक्रम में सेवानिवृत्त शिक्षक वाय एस पॅवार ने अपने संबोधन में कहा कि जैसा आप फल बोएंगे, वैसा ही फल पायेंगे। समाज के हर व्यक्ति को शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए, हमारे देश को अच्छी नागरिक की जरूरत हैं। शिक्षक ही एक ऐसा गुरु हैं, जो बच्चों को शिक्षा देने में कभी कमी नहीं करता। वह सेवा के समय भी शिक्षा देता है और सेवा समाप्ति के बाद भी शिक्षा देता हैं। शिक्षक ही एक ऐसा गुरु हैं, जो बच्चों को कभी गलत शिक्षा नहीं देता, हमेशा अच्छी ही शिक्षा देता है और उनके पढ़ाई हुए बच्चे आज देश की सेवा कर रहें है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि शिक्षक ही हमारे गुरु हैं, जो हमें मार्गदर्शन दिखाते हैं। अगर हमारे जीवन में गुरुओं का महत्व नहीं होता, तो हमें ज्ञान प्राप्त नहीं होता। बिना गुरु के शिक्षा ग्रहण नहीं किया जा सकता। जब मैं नगरपालिका अध्यक्ष था, तो मैने सबसे पहले गुरुओं का सम्मान घर-घर जाकर किया था। आज मुझे उन्हीं का आशीर्वाद मिला और इस मुकाम तक पहुंचा हूं। आज मैं विधायक बना हूं, तो मेरे सिर पर शिक्षकों का हाथ हैं।

# शा.कन्या हाईस्कूल में शिक्षक बिसेन ने अपना 62वॉ जन्मदिवस स्कूली बच्चों व शिक्षकों के साथ मनाया



**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिर्री में उच्च श्रेणी शिक्षक पवन बिसेन का 62वां जन्मदिन बड़े धूम-धाम से स्कूल की बस छात्राओं व शिक्षको /शिक्षिकाओं व अपने सहयोगी पाठको के साथ केक काटकर मनाया गया। साथ में शिक्षकों का पूरा परिवार व उनकी अर्धांगिनी श्रीमती बिसेन के द्वारा केक काटकर अपने पति पावन बिसेन को सेलिब्रेशन किया । शिक्षको व स्कूली बच्चों ने गिफ्ट व उपहार भेंट किया गया। कार्यक्रम के अंत मे स्वल्पाहार का आयोजन किया गया। वहीं डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म दिन भी मनाया गया।4 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया गया। सरकारी अवकाश के कारण 5 सितंबर की जगह एक दिन पहले यह आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्पमाला अर्पण से हुई। छात्राओं ने शिक्षकों का माल्यार्पण कर आरती उतारी और उनके साथ मिलकर केक काटकर सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिन भी मनाया। विद्यालय मे उपस्थित बीईओ गणेश सोनी, बीआरसी प्रभारी अरुण पाराशर , ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती विनीता पाराशर, राजेंद्र प्रसाद पाराशर, और भी अन्य स्टाफ उपस्थित रहे। राहुल नेवारे ने शिक्षक के जन्मदिन के अवसर पर गीत प्रस्तुत किया।

## शासकीय माध्यमिक शाला मिरिया में धूमधाम से मनाया गया कार्यक्रम

# शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता का प्रतीक है शिक्षक दिवस



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** 5 सितंबर शिक्षक दिवस के अवसर पर शासकीय माध्यमिक शाला मिरिया में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत मध्य प्रदेश गान से हुई, जिसमें सभी छात्रों और शिक्षकों ने भाग लिया। इसके बाद, अतिथियों का फूल मालाओं से सम्मान किया गया। बच्चों द्वारा शिक्षकों के सम्मान में एक से बढ़कर एक गीत और गान प्रस्तुत किए गए।

छात्राओं द्वारा सभी शिक्षकों को तिलक लगाकर उनके पैर छूकर आशीर्वाद लिया गया और सम्मानित किया गया। कार्यकम का विशेष कवरेज करने पहुंचे वरिष्ठ पत्रकार पवन कश्यप का भी विद्यालय परिवार द्वारा फूल माला से स्वागत किया गया। इस मौके पर शिक्षकों द्वारा भी शिक्षक दिवस को लेकर अपने अपने वक्तव्य कहे गए। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षक दिवस हमारे शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है। इस दिन हम अपने शिक्षकों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हैं और उनके योगदान को सलाम करते हैं। शासकीय माध्यमिक शाला मिरिया में आयोजित शिक्षक दिवस का कार्यक्रम आई.एस.बनोठे प्रधान पाठक के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

**बच्चों को मास्क का किया गया वितरण:** इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संतोष तुरकर एवं समिति के सभी पदाधिकारियों द्वारा क्षेत्र में फैल रही बीमारियों और मौसम के बदलाव को देखते हुए छात्र-छात्राओं की सुरक्षा के मद्देनजर स्वयं के व्यय पर शिक्षकों एवं बच्चो के लिये मास्क लाकर उन्हें वितरित किया गया। वहीं स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष की इस प्रेरणादायी कार्य से प्रेरित होकर विद्यालय परिवार द्वारा भी कोरोना काल में शाला परिवार को प्राप्त हुए मास्क का भी स्कूल के बच्चों को वितरण किया गया। इस अवसर पर बच्चों को अपने आसपास और स्वयं को साफ एवं स्वच्छ रहने की सलाह दी गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के सभी शिक्षकों ने बच्चों को शिक्षको और शिक्षा को समान सम्मान देने की बात दोहराते हुए हमेशा सद्मार्ग पर चलने के लिये प्रेरित किया।

**शिक्षकों को सम्मान देने मनाया जाता है शिक्षक दिवस:** कार्यक्रम में उपस्थित स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संतोष तुरकर ने कहा शिक्षकों (गुरुओं) को विशेष सम्मान देने के लिये शिक्षक दिवस का आयोजन किया जाता है। कुछ देशों में छुट्टी रहती है जबकि कुछ देश इस दिन कार्य करते हुए मनाते हैं। भारत के भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिन 5 सितंबर भारत में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने अपने छात्रों से जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाने की इच्छा जताई थी। देश के पहले उपराष्ट्रपति डॉ राधाकृष्णन का जन्म 5 सितंबर 1888 को तमिलनाडु के तिरुमनी गांव में एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था। वे बचपन से ही किताबें पढने के शौकीन थे और स्वामी विवेकानंद से काफी प्रभावित थे। उनका निधन चेन्नई में 17 अप्रैल 1975 को हुआ।

# परिक्षेत्र स्तरीय संयुक्त वन प्रबंधन समिति के अध्यक्षों से किया गया संवाद

हरिभूमि न्यूज उकवा।



वन मंडल अधिकारी उत्तर बालाघाट सामान्य श्रीमती नेहा श्रीवास्तव के निर्देशन एवं तरुण कुमार डेहरिया में वन परिक्षेत्र उत्तर उकवा सामान्य और वन परिक्षेत्र दक्षिण उकवा सामान्य अंतर्गत संचालित हो रहे वन सुरक्षा समिति एवं ग्राम वन समिति के अध्यक्षों, सचिवों और सदस्यों से संवाद किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य संयुक्त वन प्रबंधन समितियों में सूक्ष्म प्रबंध योजना का क्रियान्वयन था।आशुतोष सिंह वनक्षेत्रपाल परिक्षेत्र अधिकारी दक्षिण उकवा सामान्य द्वारा समिति कार्यों के संबंध में जानकारी दिया गया। समिति अध्यक्ष एवं सदस्यों को वन एवं वन्यप्राणी की सुरक्षा हेतु तत्पर रहने कहा गया। वनों की सुरक्षा हमारे उज्ज्वल भविष्य के लिए बहुत जरूरी हैं। वनों का हमारे जीवन में अत्यधिक महत्व है क्योंकि ये हमें जीवनदायी ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, जैव विविधता को बनाए रखते हैं, जलवायु को नियंत्रित करते हैं और बाढ़ व मृदा अपरदन को रोकते हैं. वन इमारती लकड़ी, औषधियां, भोजन और ईंधन जैसे कई आवश्यक उत्पाद भी देते हैं. इसके अतिरिक्त, वन लाखों लोगों को रोजगार देते हैं और जल चक्र को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। संयुक्त वन प्रबंधन समिति के संबंध में जानकारी देते हुए कहा गया कि JFMC स्थानीय समुदायों और वन विभाग के बीच वनों के सह-प्रबंधन के लिए एक लोकतांत्रिक, ग्राम-आधारित संस्था है, जिसका उद्देश्य वनों का संरक्षण, पुनरुद्धार और सतत प्रबंधन करना है, साथ ही स्थानीय समुदायों के लिए आय के अवसर पैदा करना है। यह संस्था गांव के सभी वयस्क निवासियों को शामिल करती है, एक कार्यकारी निकाय का चुनाव करती है, और एक माइक्रो-प्लान विकसित करती है जिसमें वनों से संबंधित गतिविधियाँ शामिल होती हैं। वर्तमान में परिक्षेत्र उत्तर उकवा सामान्य अंतर्गत 21 समिति तथा वन परिक्षेत्र दक्षिण उकवा सामान्य परिक्षेत्र 26 समिति संचालित है। वर्ष 2022-23 और 2023-24 के समितियों को लाभांश प्राप्त हुआ है जिसमें से 50% राशि समिति सदस्यों को वितरण किया जाना है , 25% राशि ग्राम विकाश और 25% वन विकास का कार्य किया जाना है। वन विभाग वनों के संवर्धन के साथ साथ ग्राम और ग्रामीणों के विकाश का कार्य वर्षों से करता आ रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों से निवेदन किया गया कि वन एवं वन्यप्राणी की रक्षा करें।और अवैध अपराध की सूचना वन विभाग को देवे । सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखते हुए नियमानुसार पुरस्कार दिया जाएगा।कार्यशाला में आशूतोष सिंह वनक्षेत्रपाल, राजेन्द्र कुमार गनवीर, विनोद कुमार चैरे, सदाशिव आमाडारे, कमलसिंह वायाम, कन्हैयालाल मड़ावी, अरविंद कुमार कडुकर, प्रकाश भलावी, रूपसिंह मरकाम, राजेश कुमार रोकड़े, बजारीसिंह ठाकरे, गजेन्द्रसिंह उयके, राहुल धूर्वे, धम्मदीप रोकडे, सचिन पदमे, नवेद पाशा, कामरान अली, कमलेश मसराम, अरूण बर्वे, पंकज शरणागत, प्रशांत चैरसिया एवं समस्त समितियों के अध्यक्ष एवं सचिव उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### कौमी एकता कमेटी सिवनी को मेडिकल कॉलेज से मिली अनुमति

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कौमी एकता कमेटी के अध्यक्ष असलम बाबा ने बताया कि मेडिकल कॉलेज के (डीन) डॉ परवेज अहमद सिद्दीकी साहब ने कौमी एकता कमेटी जिला सिवनी के जनहित कार्यों को देखते हुए कमेटी को मेडिकल कॉलेज सिवनी में कम्युनिटी हेल्थ मे कार्य करने हेतु पत्र के मध्यम से अनुमति प्रदान की संगठन जिले में स्वास्थ्य संबंधित जागरूकता के साथ-साथ मेडिकल कैंपों के माध्यम से कम्युनिटी हेल्थ कार्यक्रम करेगी।

# गणेश मूर्तियों का विसर्जन निर्धारित जल कुंडों एवं नगर पालिका के वाहनों में करें: अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

गणेश उत्सव के समापन अवसर पर नगर पालिका परिषद सिवनी द्वारा नगरवासियों से अपील की गई है कि गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन केवल निर्धारित जल कुंडों में ही किया जाए। साथ ही नगर पालिका द्वारा प्रतिमा संग्रहण हेतु लगाए गए विशेष वाहनों का उपयोग करने का आग्रह किया गया है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने बताया कि प्रतिमाओं के विसर्जन हेतु नगर के प्रमुख स्थानों पर अस्थायी जल कुंड बनाए गए हैं, ताकि नदी, तालाब एवं अन्य प्राकृतिक जलस्त्रोतों का प्रदूषण रोका जा सके। आमजन से अपेक्षा की गई है कि वे पर्यावरण संरक्षण में सहयोग प्रदान करते हुए प्रतिमाओं को सुरक्षित तरीके से विसर्जित करें।

नगरवासियों से अपील की गई है कि धार्मिक आस्था का सम्मान करते हुए स्वच्छता एवं जल संरक्षण को ध्यान में रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। इसलिए नगरवासी निर्धारित व्यवस्था का पालन करें और नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में योगदान दें।

# ईद मिलाद-उन-नबी पर जिले में शांतिपूर्ण रूप से निकले जुलूस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

ईद मिलाद-उन-नबी के अवसर पर जिले के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मुस्लिम समाज द्वारा पारंपरिक जुलूस निकाले गए। श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए आपसी सौहार्द, भाईचारे और एकता का संदेश दिया।

जुलूस मार्गों पर प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा सुरक्षा तथा कानून-व्यवस्था की दृष्टि से सभी आवश्यक प्रबंध किए गए थे। संबंधित क्षेत्र के कार्यपालिक मजिस्ट्रेट, राजस्व अधिकारी एवं पुलिस अधिकारी अपने-अपने दल के साथ सतत निगरानी रखते हुए उपस्थित रहे और श्रद्धालुओं को हर संभव सहयोग प्रदान किया।

समाजजनों द्वारा नगर एवं ग्राम क्षेत्रों में स्वागत द्वार और पेयजल की व्यवस्थाएँ की गईं। सभी जुलूस शांति, अनुशासन एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुए।

# जिले में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशानुसार एवं उपसंचालक कृषि के मार्गदर्शन में किसानों को गुणवत्तायुक्त कृषि आदान सामग्री उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इसी के परिणामस्वरूप जिले में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता बनी हुई है।

जिले की 57 सहकारी समितियों में वर्तमान में यूरिया 1190 मीट्रिक टन, डीएपी 555 मीट्रिक टन, एनपीके 443 मीट्रिक टन तथा सिंगल सुपर फॉस्फेट 1462 मीट्रिक टन उपलब्ध है। वहीं सभी डबल लॉक केंद्रों में यूरिया 1502.435 मीट्रिक टन, डीएपी 1528 मीट्रिक टन, पोटाश 175 मीट्रिक टन, सिंगल सुपर फॉस्फेट 550 मीट्रिक टन और एनपीके 587 मीट्रिक टन का भंडारण है।

जानकारी के अनुसार 01 अप्रैल 2025 से अब तक जिले में विभिन्न उर्वरकों की कुल उपलब्धता 1,52,512 मीट्रिक टन रही, जिनमें से 1,31,050 मीट्रिक टन का विक्रय किया जा चुका है।

# विक्की अग्रवाल का सुजीत सूर्यवंशी ने किया सम्मान

**बरघाट - नगर में गणेश उत्सव पर्व बड़े ही हर्षोल्लाह के साथ मनाया जा रहा है ।नगर के अनेक स्थानों में भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई है। अनेक मंडप में भजन कीर्तन के साथ अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरघाट।



नगर में अनेक नगर वासियों ने भी घर पर गणपति बप्पा की स्थापना बड़े ही हर्षउल्लास के साथ की है। अनेक निवास स्थानो में तरह-तरह की झांकियां प्रस्तुत की गई है

जिसमें वार्ड क्रमांक 4 में निवासरत संतोष अग्रवाल के सुपुत्र सजल अग्रवाल (विक्की) के द्वारा अपने निवास स्थान पर काशी घाट के सभी घाटों का सजीव चित्रण मंडप के माध्यम से करके मां गंगा को स्वच्छ रखने का संदेश देती भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई है। जिसे देखने जिले के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी पहुंच रहे हैं।अद्भुत, अनुपम ,सुंदर झांकी की सभी भक्तजनों के द्वारा प्रशंसा की जा रही है।

नगर के सुजीत सिंह सूर्यवंशी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष विक्की अग्रवाल के द्वारा अपने निवास स्थान पर भगवान गणेश की स्थापना के साथ अनेक सुंदर कलाकृति एवं सनातन धर्म से संबंधित झांकियों का सुंदर चित्रण प्रदर्शित किया जाता रहा है ,इस वर्ष इनके द्वारा काशी घाट में मां गंगा को स्वच्छ रखने का संदेश देती झांकी का चित्रण किया गया है जिसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है ।आज विक्की को उनकी इस शानदार कलाकृति को प्रदर्शित करने पर मेरे द्वारा स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया।

# ग्राम पंचायत भोमा में नाली निर्माण ना होने से लोग परेशान, गंदे पानी में होकर जाना पड़ता है मंदिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जनपद पंचायत क्षेत्रः ग्राम पंचायत भोमा के निवासी पिछले कई महीनों से एक गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। गांव में नाली निर्माण ना होने के कारण गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे ग्रामीणों को रोजाना भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह गंदा पानी सीधे उस रास्ते पर बहता है जिससे होकर गांव का प्रमुख मंदिर स्थित है, और श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना के लिए इसी रास्ते से गुजरना पड़ता है।

स्थानीय निवासियों ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार ग्राम पंचायत के सर्पंच और सचिव को लिखित आवेदन दिया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों की शिकायत है कि पंचायत के



जिम्मेदार अधिकारी इस समस्या की ओर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रहे हैं।

थक-हारकर लोगों ने इस मामले की शिकायत 181 जनसुनवाई पोर्टल पर भी दर्ज करवाई, लेकिन वहां से भी केवल औपचारिकता निभाई गई, समस्या का समाधान नहीं हुआ।

एक स्थानीय निवासी ने कहा,हर दिन हमें गंदे पानी से होकर मंदिर जाना पड़ता है। जब कोई पूजा करने जाता है तो गंदा पानी पैरों से छपककर ऊपर तक चला जाता है। यह न केवल असुविधाजनक है, बल्कि धार्मिक आस्था को भी ठेस पहुंचाता है। इस मामले में ग्रामीणों की मांग है कि जल्द से जल्द नाली का निर्माण कार्य शुरू कराया जाए ताकि गंदे पानी की निकासी सुनिश्चित की जा सके और लोग साफ-सुथरे रास्ते से मंदिर तक पहुंच सकें। ग्रामवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं हुई तो वे उग्र आंदोलन करेंगे और उच्च अधिकारियों से सीधा संपर्क करेंगे।

# बिना तप के मुक्ति नहीं मिलती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

श्री पारसनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर सिवनी मध्य प्रदेश मे महासमाधि धारक आचार्य श्री विसागर जी महाराज से दीक्षित एव आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के शिष्य मुनि श्री धर्मसागर जी महाराज,मुनि श्री भावसागर जी महाराज के सानिध्य में एवं अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त योगाचार्य डॉनवीन जैन के निर्देशन में दशलक्षण महापर्व उत्तम तप धर्म के अंतर्गत 3 सितंबर 2025 को मांगलिक क्रियाएं संपन्न हुई , जिसके अंतर्गत अभिषेक, विशिष्ट मंत्र शांतिधारा , दशलक्षण महापर्व पूजन, की गई,दोपहर में तत्वार्थ सूत्र का वाचन चल रहा है, रात्रि में प्रतिदिन महाआरती, योगाचार्य जी के प्रवचन चल रहे है, कई लोगों ने 7 उपवास किए हैं समाधिस्थ परम पूज्यआचार्य श्री विसागर जी महाराज के चरण चिन्ह का अभिषेक किया गया, शास्त्र अर्पण किए गये, इस अवसर पर धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनि श्री भाव सागर जी महाराज ने कहाकि धार्मिक कार्य में मन लगे उपवास के दिन, पर्व से शिक्षा लेना चाहिए ,कुछ परिवर्तन आना चाहिए, बिना तप के मुक्ति नहीं मिलती है, सामर्थ्य के अनुसार तप करना चाहिए, तप की हमेशा प्रशंसा करना चाहिए ,मन में बहुत से विकल्प बने रहते हैं, मन को बस में करना सबसे बड़ा मंत्र है ,जो काम नहीं करना उसमें बहाने बनाते हैं ,अनेक वर्षों तक तप किए हैं, आपको जीवन अच्छा बनाना है ,मनुष्य तप के द्वारा आगामी जीवन को सुंदर बनाते हैं ,धर्म से शोभा होती है धन से नहीं, कर्म के क्षय के लिए जो तपा जाता है उसे तप कहते हैं, तप संसार समुद्र से पार होने के लिए जहाज के समान हैं, मनुष्य की इच्छा एक पूर्ण होती है और शीघ्र ही दूसरी इच्छा उपस्थित हो जाती है, तप महान फल देने वाले हैं , तप करने से क्षण मात्र में कर्मों को भस्म कर सकता है जीव, 22 लाख वर्षों में करोड़ों की संख्या में दिगंबर जैन साधु हो चुके हैं ,दशलक्षण पर्व के समापन पर यह आयोजन होंगे6 सितंबर को अनंत चतुर्दशी के दिन दोपहर 2 बजे अभिषेक आदि क्रियाएं होगी,7 सितंबर को प्रातः 8 बजे उपवास वालों के साथ, प्रभु की विशाल रथ यात्रा ,श्री पारसनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर से प्रारंभ होगी और नगर में भ्रमण करके पुनः इसी मंदिर वापस आएगी , सम्मान समारोह एवं पारणा महोत्सव होगा।

# पिता की प्रथम पुण्य तिथि पर पुत्र ने किया फल वितरण

### सिविल अस्पताल केवलारी पहुंचकर मरीजों को किया फल वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ केवलारी।





जहां एक और देखने को मिलता है कि आज के युग में कोई भी पुत्र अपने माता-पिता को साथ में रखना नहीं चाहता अपने घर से बाहर निकाल देते हैं और उन्हें अनदेखा करते हैं पर एक ओर आज हमारे युवा पत्रकार कृष्ण कुमार प्रजापति ने साबित किया की मां-बाप से बढ़कर कुछ भी नहीं है उन्होंने अपने पिता की प्रथम पुण्यतिथि पर जरूरतमंद मरीज को फल बिस्किट वितरण कर और मोक्ष धाम में वृक्षारोपण कर यह साबित कर दिया है कि आज के कलयुग में भी श्रवण जैसे बेटे होते हैं। जो कि अपने मां-बाप को हमेशा साथ लेकर चलते हैं और उनके जाने के बाद भी उनकी याद में लोगों की सेवा का जज्बा रखते हैं।

### सेवा कार्य का महत्व

केवलारी के युवा पत्रकार ने अपने पिता की प्रथम तिथि पर जो सेवा कार्य किया है उसे समाज में मानवता और सेवा की भावना को बढ़ावा मिलता है मरीज को फल और बिस्किट वितरित करने से उनकी सेहत और मनोबल में सुधार होता है। ऐसे आयोजनों से समाज के लोगों को आपस में जोड़ने और एक दूसरे की मदद करने का अवसर मिलता है

### कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख लोग

केवलारी जाने माने युवा समाज सेवी पत्रकार कृष्ण कुमार प्रजापति जी के पिता स्वर्गीय श्री लक्ष्मी प्रसाद प्रजापति की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर सिविल अस्पताल केवलारी में आज दिन गुरुवार की सुबह 11:00 करीब पहुंचकर सिविल अस्पताल में इलाज रत मरीजों को फल एवं बिस्किट वितरण करते हुए उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामनाएं की । और साथ ही साथ मोक्ष धाम वाटिका में वृक्षारोपण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर डा. ए. के . लाखरा , रमाशंकर महोबिया , डा. अविनाश तिवारी,मनीष जैन, रफीक खान, सुधीर पांडे, अरूण चौरसिया, अनूप बघेल,पवन यादव ,नीलेश अवधिया,स्वप्निल उपाध्याय, प्रवीण दुबे, प्रीतम पाल,ओमकार जंघेला,जयदीप दुबे,दीपेश पांडे, प्रशांत भारद्वाज एवं अन्य समाजसेवियों एवं पत्रकारों और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की सहभागिता रही।

### पत्रकार पुत्र की सराहना

लोगों ने कृष्ण कुमार प्रजापति के इस कार्य की सराहना की ओर कहा कि यह उनके पिता के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा कि ऐसे पुत्र समाज के लिए एक अच्छी मिसाल हैं । और उनकी ऐसी सेवा भावना से लोगों को नई प्रेरणा और सीख मिलेगी।

# कांग्रेस के नेता हमेशा से लोगों के बीच भ्रम फैलाकर सच्चाई छुपाने की राजनीति करती है-श्रीमती गोविंदी सैयाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

कांग्रेस के नेता हमेशा से लोगो के बीच भ्रम फैलाकर सच्चाई छुपाने की राजनीति करती है जिसमे सिवनी नगर पालिका परिषद के कुछ कांग्रेस पार्षद भी शामिल है जो इन दिनों गीता भवन को लेकर भ्रम फैलाते हुए अपनी राजनीतिक रोटी सेंकने का प्रयास कर रहे है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार मध्यप्रदेश के सभी नगरीय निकायों में गीता भवन की स्थापना किए जाने का निर्णय लिया गया था। ताकि लोगों के भीतर धार्मिक ग्रंथों साहित्य, वैज्ञानिक अनुसंधानों के सुलभ अध्ययन और जन-साधारण में पुस्तकों के अध्ययन के केन्द्र के रूप में गीता भवन की स्थापना हो सके जहां जन-साधारण पुस्तकों के माध्यम से भारतीय संस्कृति, भारतीय मनीषा से परिचित हो। गीता भवन के माध्यम से नगरीय निकायों के स्तर पर विार्थियों, विशेषकर विभिन्न स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं के अभ्यर्थियों को एक स्थान पर अध्ययन सामग्री उपलब्ध हो सके। लेकिन कांग्रेस के पार्षदों ने कभी भी गीता भवन निर्माण को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई। विज्ञप्ति जारी करते हुए पार्षद श्रीमती गोविंदी सैयाम ने कहा कि कांग्रेस के पार्षद यह भ्रम फैला रहे है कि उनकी परिषद ने गीता भवन निर्माण के लिए रानी दुर्गावती वार्ड के लिए प्रस्ताव पास किया था लेकिन भ्रम फैलाने वाले कांग्रेसी पार्षद इसका खुलासा नहीं कर रहे की रानी दुर्गावती वार्ड में किस स्थान पर गीता भवन बनाने प्रस्ताव पास किया गया। पार्षद श्रीमती गोविंदी सैयाम ने कहा कि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शफीक खान को यह बताना चाहिए कि उनके कार्यकाल के दौरान 30 सितंबर 2024 को प्रस्ताव क्रमांक 02 में गीता भवन के लिए जो प्रस्ताव लाया गया था तो उस प्रस्ताव में स्थल चयन का उल्लेख था अथवा नहीं। पार्षद श्रीमती गोविंदी सैयाम ने कहा कि 30 सितंबर के प्रस्ताव में इस बात का उल्लेख था कि गीता भवन निर्माण के लिए पर्याप्त नगर पालिका के स्वामित्व की भूमि का चयन किया जाकर गीता भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदान की जाती है। गीता भवन के नाम से भ्रमित करने वाले कांग्रेस के पार्षदों को बताना चाहिए कि जब तक शफीक खान नगर पालिका के अध्यक्ष थे तब उन्होंने गीता भवन निर्माण के लिए नगर पालिका के स्वामित्व की भूमि क्यों तलाश नहीं किया। पार्षद श्रीमती गोविंदी सैयाम ने कहा कि कांग्रेस के पार्षद कभी गीता भवन निर्माण कराना ही नहीं चाहते थे यही कारण है कि अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने गीता भवन निर्माण के लिए स्थल का चयन नहीं किया और जब नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया के कार्यकाल के दौरान नगर पालिका के स्वामित्व की भूमि का चयन किया गया तो कांग्रेस के पार्षद भ्रम फैलाते हुए इस मुद्दे को भटकाने का असफल प्रयास कर रहे है जिसे उन्हीं की पार्टी के अन्य कांग्रेसी पार्षद भी समझ गए जिन्होंने इस विरोध से किनारा कर लिया क्योंकि वह भी चाहते है कि सिवनी में गीता भवन का निर्माण हो ताकि गीता भवन की स्थापना से जन-साधारण पुस्तकों के माध्यम से भारतीय संस्कृति, भारतीय मनीषा से परिचित हो साथ ही गीता भवन के माध्यम से नगरीय निकायों के स्तर पर विार्थियों, विशेषकर विभिन्न स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं के अभ्यर्थियों को एक अच्छी जगह मिल सके लेकिन विकास विरोधी कांग्रेस के कुछ पार्षद ऐसे पुनीत कार्य में भी राजनीति करने से बाज नहीं आ रहे।

विज्ञप्ति जारी करते हुए पार्षद श्रीमती गोविंदी सैयाम ने कहा कि रानी दुर्गावती वार्ड के लोगो को एक सर्वसुविधायुक्त मंगल भवन की आवश्यकता है जिसकी तरफ पूर्व अध्यक्ष शफीक खान के कार्यकाल के दौरान किसी ने ध्यान नहीं दिया और ना ही पार्षद होने के नाते मुझसे पूछा गया। हमारी इच्छा है कि रानी दुर्गावती वार्ड में एक सर्व सुविधा युक्त मंगल भवन का निर्माण किया जाए ताकि वार्ड के लोग अपने धार्मिक साहित्यिक सांस्कृतिक एवं पारिवारिक कार्यक्रम उक्त मंगल भवन में कर सके।

अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया ने अपनी पार्षद की इच्छा का सम्मान रखते हुए आगामी बैठक में रानी दुर्गावती वार्ड में एक सर्व सुविधा युक्त मंगल भवन स्वीकृत करने के प्रस्ताव रखने की बात भी कहा जो यह प्रमाणित करता है कि वर्तमान जिला अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया पार्षदों और उनके वार्ड के मतदाताओं की भावनाओं के अनुरूप उनके वार्ड में विकास कार्य करने के लिए प्रयासरत है लेकिन विकास विरोधी मानसिकता के कांग्रेस के पार्षद विकास कार्यों में रोड़ा बनने का प्रयास कर रहे हैं जिसे अब नगर वासी समझ गए हैं।

# जिला स्तरीय बौद्धिक गणित विज्ञान प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

**सिवनी।** जिले की जिला स्तरीय बौद्धिक प्रतियोगिता एवं गणित विज्ञान मेले का भव्य शुभारंभ विद्या भारती महाकौशल प्रांत के प्रादेशिक सह सचिव नितिन चौधरी, जिला सचिव विनीत अग्रवाल एवं छिंदवाड़ा विभाग समन्वयक श्री राम बहोरी पटेल की गरिमामय उपस्थिति में हुआ। विद्यालय प्राचार्य श्री ओम प्रकाश यादव भी इस दौरान मचासीन रहे।



उल्लेखनीय है कि संस्कृति महोत्सव के अंतर्गत रंगोली,चित्रकला,मूर्ति कला, एकल अभिनय, गीत,भजन,प्रश्न मंच एवं गणित विज्ञान मेले के अंतर्गत मॉडल प्रतियोगिता, प्रश्न मंच, पत्र वाचन आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भैरोगंज सिवनी में 5 सितंबर 2025 दिन शुक्रवार को किया गया उपरोक्त जिला स्तरीय आयोजन में सिवनी जिले के आठ विद्यालयों की सहभागिता रही जिसमें भैरवगंज सिवनी छपारा, धूमा, घंसौर, कुरई,केवलारी आदि विलयों से लगभग 200 प्रतिभागी भैया बहनों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी कुशलता व कला का प्रदर्शन किया आयोजन का शुभारंभ मनचासीन अतिथियां द्वारा दीप प्रज्वलन एवं दीप मंत्र के साथ हुआ इसके उपरांत विलय की बहनों द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई अतिथि परिचय एवं स्वागत श्री प्रकाश गुप्ता महेशसोन केसरिया एवं अशोक बागवान ने किया अपने उद्बोधन में छिंदवाड़ा विभाग समन्वयक श्री राम बहोरी पटेल ने प्रतियोगिता के उद्देश्य पर विस्तार से प्रकाश डाला इसके उपरांत प्रादेशिक सह सचिव विलय व्यवस्थापक श्री नितिन चौधरी ने भैया बहनों से पूर्ण अनुशासन के साथ प्रतियोगिता में सहभागिता का आग्रह किया आशीर्वचन जिला सचिव श्री विनीत अग्रवाल ने दिया इसके उपरांत अकाल भजन के साथ प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ मंच संचालन विलय की बौद्धिक प्रमुख श्रीमती कीर्ति ठाकुर ने किया मधुर स्वागत गीत श्रीमती मनीष तिवारी ने प्रस्तुत किया।

# धम्म मशाल यात्रा का बरघाट में हुआ भव्य स्वागत

बौद्धों की विश्वविख्यात ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहर बोध गया महाबोधि विहार को अन्य मतावलंबियों के शताब्दियों पुराने सत्ता संरक्षित अवैध कब्जे से मुक्त कराने के लिए पूज्य भंते धम्म शिखर जी के नेतृत्व में डॉ बाबा साहेब आंबेडकर की जन्मभूमि महू (इंदौर) से दिनांक 18/08/2025 से आरंभ जन जागरण धम्म मशाल यात्रा मध्यप्रदेश के विभिन्न नगरों और कस्बों से होते हुए आज दिनांक 03/09/2025 को बुद्ध विहार बरघाट परिसर में पहुंची। मशाल यात्रा बरघाट पहुंचने पर सर्वप्रथम बरघाट के उपासकों एवं उपासिकाओं ने राजा भोज चौक पर सभी यात्रियों का स्वागत किया। तत्पश्चात बुद्ध विहार परिसर पहुंचने पर भी स्वागत किया गया। मशाल यात्रा में शामिल पूज्य भिक्खू कौंडिल्य (भंडारा), पूज्य भिक्खू शील रक्षित (नागपुर) और यात्रा में साथ चल रहे य.. ञ्वह्वह्म्श्चह्वस्त्रद्ग जी ने मशाल यात्रा के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए सभी से महामहिम राष्ट्रपति, माननीय प्रधानमंत्री, माननीय मुख्यमंत्री बिहार और चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया के नाम अधिक से अधिक संख्या में पोस्टकार्ड भेजने और अधिकाधिक लोगों को ऐसा करने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। पूज्य भंते धम्म शिखर जी ने भी मशाल यात्रा के उद्देश्य से अवगत कराया। दिनांक 10/09/2025 को इस मशाल यात्रा का समापन दीक्षाभूमि नागपुर में होगा। धम्म यात्रा में शामिल सभी यात्रियों ने बुद्धा गार्डन का भ्रमण करते हुए गार्डन की भूरि - भूरि प्रशंसा की और इसे मध्यप्रदेश का इकलौता विशाल बुद्धा गार्डन निरूपित किया।

# शासकीय महाविद्यालय कुरई में जेंडर संवेदीकरण विषय पर जागरूकता सत्र आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

मिशन शक्ति के तहत जिला हब फॉर इंपावरमेंट ऑफ वूमेन के अंतर्गत महिला एवम् बाल विकास विभाग के द्वारा 02 से 12 सितम्?बर तक 10 दिवसीय विशेष जागरुकता अभियान चलाया जा रहा हैं।

इसी क्रम में वन स्टॉप सेंटर महिला एवं बाल विकास विभाग सिवनी के द्वारा गुरूवार 4 सितम्बर को शासकीय महाविद्यालय कुरई में जेंडर संवेदीकरण जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। सत्र की शुरुआत में श्रीमती वर्षा बैस केस वर्कर वन स्टॉप सेंटर और श्रीमती नारायनी सक्सेना सेंटर एडमिन का विद्यार्थियों द्वारा करतल ध्वनियों से स्वागत किया गया। तत्पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो पंकज गहरवार ने कार्यक्रम के उद्देश्य बताते हुए कहा कि जेंडर संवेदीकरण का मुख्य उद्देश्य लोगों को लैंगिक समानता का महत्व और लैंगिक



दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करना है। जेंडर संवेदीकरण के द्वारा ऐसा समाज बनाना हैं, जहां सभी व्यक्तियों के साथ उनके जेंडर के आधार पर भेदभाव न हो और सभी को समान अवसर मिल सके। श्रीमती वर्षा बैस ने विद्यार्थियों को वन स्टॉप सेंटर के बारे में बताते हुए कहा कि घर से लेकर दफ्तर तक महिलाओं को लिंग के आधार पर कई बार भेदभाव और हिंसा का सामना करना पड़ता हैं। इस तरह की घटनाओं को रोकने और महिलाओं को मजबूती से खड़ा करने के मकसद से ही वन स्टॉप सेंटर शुरू किए गए हैं। वन स्टॉप सेंटर महिलाओं के सम्मान की रक्षा का स्थान हैं। सभी प्रकार की हिंसा से पीड़ति महिलाओं एवं बालिकाओं को एक ही स्थान पर सहायता एवं संरक्षण हेतु अस्थाई आश्रय,चिकित्सा, काउंसलिंग, विधि सहायता,पुलिस डेस्क उपलब्ध कराई जाती हैं।

सेंटर एडमिन श्रीमती नारायनी सक्सेना ने पॉक्सो अधिनियम 2012 के बारे में बताते हुए कहा कि बच्चों को यौन अपराधों से बचाने के लिए एक महत्वपूर्ण कानून हैं। यह 18 वर्ष से कम आयु के किसी भी व्यक्ति के खिलाफ यौन गतिविधि को अपराध मानता है और ऐसे मामलों में त्वरित सुनवाई के लिए विशेष अदालतें स्थापित करता है। इस कानून का उद्देश्य बच्चों के प्रति यौन शोषण को रोकना हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को महिला बाल विकास विभाग की पहल मिशन शक्ति से अवगत कराते हुए कहा कि मिशन शक्ति महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षा और सशक्तिकरण के लिए चलाया जा जा रहा हैं। यह मिशन महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित और भयमुक्त वातावरण जीवन जीने में ,स्वावलंबी बनने और समाज में एक मजबूत स्थान प्राप्त करने में मदद करने के लिए बनाया गया हैं। जागरूकता सत्र में आगे जेंडर संवेदीकरण विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता में वंदना दर्शनिया, माही श्रीवास, आशीष,करीना बंशकार, पायल वैद्य, नीरज करमकर, आलिया खान, प्रतिमा ने बारी-बारी से जेंडर संवेदीकरण पर अपने विचार रखे। तत्पश्चात प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया गया । प्रतियोगिता में प्रथम स्थान वंदना दर्शनिया, द्वितीय स्थान माही श्रीवास और तृतीय स्थान पर नीरज करमकर चयनित हुए। चयनित प्रतिभागियों को वन स्टॉप सेंटर द्वारा पुरुस्कृत किया गया। प्रतिभागियों को सांत्वना प्राइज दिया गया। कार्यक्रम में रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो पंकज गहरवार, प्रभारी प्राचार्य पवन सोनिक, प्रो जयप्रकाश मरावी, डॉ तीजेश्वरी पारधी, योगेश तिवारी, डॉ राजेंद्र कटरे, अल्का नागले, नागेश पंद्रे, निहाल गेडाम, रामप्रसाद डहरिया इत्यादि की उपस्थिति रही।

### जेंडर संवेदीकरण जागरूकता सत्र का हुआ आयोजन

भारत सरकार द्वारा जिला, ब्लॉक, पंचायत स्तर पर जागरूकता शिविरों, नामांकन, सामुदायिक कार्यकमों, कार्यशालाओं एवं अभियानों के माध्यम से महिला केंद्रित विषयों पर संकल्प हब फॉर एम्पावरमेंटर ऑफ वूमेन के अंतर्गत 10 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिये गये है। इसी क्रम में गुरूवार 04 सितम्बर 2025 को सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय तहसील कुरई में जेंडर संवेदीकरण जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। श्रीमति वर्षा बैस केस वर्कर वन स्टॉप सेंटर द्वारा जेंडर संवेदीकरण जागरूकता एवं बाल विवाह के दुष्परिणाम की जानकारी दी गई। विद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच बाल विवाह दुष्परिणाम विषय पर ड्राइंग प्रतियोगिता कराई गई जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ-चढकर भाग लिया। श्रीमति नारायणी सक्सेना सेंटर एडमिनिस्ट्रेटर द्वारा वन स्टॉप सेंटर की रूपरेखा एवं विभिन्न हेल्पलाइन की जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री शितेन्द्र यादव एवं विद्यालय का समस्त स्टॉफ की उपस्थिति रही।

## डीएफओ की कायरना करतूत से गुस्साई भीड़ ने रेंजर और वन रक्षक पर किया हमला

# गांव में मचा जमकर बवाल, बाघ के हमले से घायल वृद्ध की मौत

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

दक्षिण (सा) वन मंडल बालाघाट के वन परिक्षेत्र कटंगी में वन्य प्राणी बाघ के हमले से फिर एक ग्रामीण की सांसे थम गई. गुरूवार की शाम साढ़े 05 बजे अंबेझरी निवासी 65 वर्षीय सेवकराम पिता रामजी गोपाले पर वन्य प्राणी बाघ ने कक्ष क्रमांक 580 में प्राण घातक हमला किया था. सेवकराम अपने घर के पालतू मवेशी चराने के लिए खेत की तरफ गए हुए थे. जहां से शाम को घर वापस लौटते वक्त बाघ ने हमला किया था. घटना के बाद सेवकराम को सरकारी अस्पताल कटंगी में प्राथमिक उपचार के लिए लाया गया था. यहां से उन्हें जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया था. बताया जा रहा है वहां उपचार शुरू होने से पहले ही रात्रि करीब 11 बजे उनकी मौत हो गई. शुक्रवार को जिला अस्पताल में शव का पीएम कर दोपहर में तकरीबन 01 बजे शव को अंबेझरी गांव लाया गया लेकिन इससे पहले ही घटना के विरोध में गांव के ग्रामीणों ने जमकर बवाल मचा दिया. ग्रामीणों ने करीब 04 घंटे तक शव को वाहन में रखे रखकर विरोध प्रदर्शन, सांकेतिक चक्का जाम किया. दरअसल,



बाघ के हमले की घटना के बाद पठार संघर्ष समिति और किसान मजदूर महासंघ ने अंबेझरी के बाजार चौक में एक बैठक बुलाई थी लेकिन रात्रि में सेवकराम की मौत हो गई. ऐसे में शुक्रवार की सुबह की पहली किरण के साथ ही गांव में तनाव की स्थिति निर्मित हो गई. जिसकी सूचना मिलने पर एसडीएम के.सी.ठाकुर, एसडीओपी विवेक कुमार शर्मा, तिरोड़ी थाना प्रभारी कौशल सूर्या, कटंगी थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुसराम सुबह 10 बजे ही अंबेझरी गांव पहुंच गए. जबकि रेंजर बाबूलाल चढ़ार अपनी टीम के साथ रात्रि से ही गांव में डटे हुए थे. गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए कटंगी, तिरोड़ी, खैरलांजी थाना, महकेपार चौकी पुलिस और लाइन का बल अंबेझरी में तैनात किया गया था।



गांव में तनाव की स्थिति की सूचना मिलने पर डीएफओ अधर गुप्ता, एसडीओ बी.आर. सिरसाम के साथ अंबेझरी गांव पहुंचे. डीएफओ के सामने ग्रामीणों ने घटना पर जमकर आक्रोश व्यक्त किया और इस तरह की घटनाओं पर जैसे भी हो रोक लगाने की मांग रखी. डीएफओ ने ग्रामीणों को भरोसा दिया कि बाघ की मॉनिटरिंग की जाएगी. इसके अलावा खेतों में वन्य प्राणी को आने से रोकने के लिए एक सोलर वायर का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा जाएगा और भविष्य में इस तरह की घटना की पुर्नरावत्ति ना हो इसका भी ख्याल रखा जाएगा. ग्रामीणों से चर्चा करने के बाद डीएफओ अपने विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों के साथ घटनास्थल की ओर रवाना हो गए. घटनास्थल और आस-पास के हिस्से में बाघ के पदचिन्ह स्पॉट किए गए. घटनास्थल देखने के बाद डीएफओ दोबारा ग्रामीणों के पास वापस नहीं आए बल्कि एसडीओ के साथ रवाना हो गए. उनकी इस कायराना करतूत की जैसे ही ग्रामीणों को भनक लगी गांव के कुछ युवाओं ने उन्हें ग्रामीणों के बीच बुलाने के लिए उनके वाहन का पीछा किया. कथित तौर पर इन युवाओं को एसडीओ फारेस्ट के चालक ने जान से मारने और जिंदा जला देने की धमकी दी. जिससे गुस्साएं युवाओं ने गांव में वापस पहुंचते ही रेंजर बाबूलाल चढ़ार पर अपना सारा गुस्सा उतारा और उनके साथ धम्का मुक्की और मारपीट की. इसके कुछ



देर बाद एक वन रक्षक के साथ भी मारपीट हुई और गांव में शव के पहुंचने से पहले ग्रामीणों ने एक पुलिस आरक्षक के साथ भी मारपीट की. अगर, डीएफओ घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद ग्रामीणों से संवाद करते तो शायद रेंजर के साथ जो घटना घटित हुई वह ना होती. बता दें कि आक्रोशित शराबी युवाओं ने रेंजर के साथ बेहद ही अपमानजनक व्यवहार किया. इस दौरान शुरुआती समय में पुलिस अधिकारी, वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी रेंजर के साथ हो रहे व्यवहार पर तमाशबीन बने रहे हालांकि बाद में पुलिस ने हस्तक्षेप किया और बल प्रयोग करने की तैयारी की तब कहीं जाकर गुस्साए ग्रामीणों में भय दिखाई दिया. शाम करीब साढ़े 05 बजे वन विभाग ने पीड़ित परिवार को 25 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की और ग्रामीणों जैसे-तैसे शांत किया गया और शव को अंत्येष्टि के लिए रवाना किया गया।

पठार अंचल के ग्राम गोरेघाट, कुड़वा, भोंडकी, हेटी, बड़पानी, कोड़बी, मासुलखापा, खैरलांजी, महकेपार, कन्हड़गांव, कोसुंबा, सुकली, देवरी, बांडारेव जैसे गांवों में वन्य प्राणी बाघ की चहल-कदमी देखने को मिल रही है. आए दिन इन गांवों में वन्य प्राणी बाघ को देखे जाने, बाघ के द्वारा पालतू मवेशियों के शिकार की घटनाएं सामने आती है. बीते 09 माह में हिंसक वन्य प्राणी बाघ ने कटंगी और तिरोड़ी तहसील क्षेत्र के कुल 05 लोगों को मौत के घाट उतार दिया. इन घटनाओं के बाद गांवों में तनाव की एक बड़ी वजह सरकार की घोषणा भी है. जिस पर सरकार ने अब तक अमल नहीं किया है. दरअसल, वन्यजीव हमलों में होने वाली मौतों के लिए मध्य प्रदेश सरकार ने मुआवजा राशि बढ़ाकर 25 लाख रुपये करने की घोषणा कीकी है. मगर, मृतक के परिवार को आज भी 8 लाख रुपये ही मिल रहे है।


**फैक्ट फाईल...**

| घटनास्थल | मृतक | निवासी | घटना दिनांक |
|---|---|---|---|
| सिलारी | सुखराम उइके | खैरलांजी (अंबेझरी) | 22.12.2024 |
| कुड़वा | सुखराम पाने | कुड़वा | 03.05.2025 |
| कछार | अनिल भलावी | कछार (वनग्राम) | 16.05.2025 |
| रमरमा | मंगरू सराठी | सिरपुर 2 | 09.08.2025 |
| अंबेझरी | सेवकराम गोपाले | अंबेझरी | 04.09.2025 |

## पूज्य महाथेरो विनय रक्खिता का 07 सितम्बर को बालाघाट आगमन

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** रमाताई महिला बौद्ध संघ बालाघाट की अध्यक्ष आयु. नीता हिरकने ने जानकारी दी कि पावन वर्षावास काल में एवं भाद्रपद पूर्णिमा के अवसर पर पूज्य भदंत विनय रक्खिता महाथेरो जी, अध्यक्ष आलोका ट्रस्ट नागपुर एवं महासचिव, अंतर्राष्ट्रीय त्रिपिटक चांटिंग परिषद भारत, पूज्य मेत्तानंद थेरो जी, सामनेर अनमोल रतन जी एवं भोपाल से उपासक महेंद्र खोबरागड़े का आगमन दिनांक 07 सितम्बर 2025 को सायं 6:00 बजे पंचशील बुद्ध विहार, बूढ़ी, बालाघाट में होने जा रहा है। वर्षावासरत पूज्य भंते कुसलचित्त जी विशेष रूप से उपस्थिति रहेगे।

इस अवसर पर पूज्य भदंत विनय रक्खिता महाथेरो जी के मुखारविंद से बौद्ध धम्म की शिक्षाओं पर आधारित विशेष प्रवचन (धम्म देसना) का अद्भुत अवसर उपासको को प्राप्त होगा। वे बौद्ध धम्म की महत्वपूर्ण शिक्षाओं पर प्रकाश डालेंगे और आगामी 02



से 12 दिसंबर तक महाबोधि महाविहार में आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय त्रिपिटक चांटिंग कार्यक्रम के संबंध में जन जागृति का संदेश देंगे। यह आयोजन बौद्ध धर्म के अनुयायियों और शांति के साधकों के लिए एक अनमोल अवसर होगा। रमाताई महिला बौद्ध संघ, बालाघाट के सभी धर्म प्रेमियों, बौद्ध अनुयायियों और समाज के सभी वर्गों से अनुरोध करता है कि इस पावन अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पूज्य भदंत विनय रक्ख़ति महाथेरो जी के आध्यात्मिक मार्गदर्शन और बौद्ध धम्म की शिक्षाओं का लाभ उठाएं।

## मानवता की सेवा में एक अनोखा उदाहरण

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** कांग्रेस धर्म प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष केवल सिंह झारिया जी ने अपने निधन के बाद अपने शरीर का दान करने का संकल्प लिया है। उन्होंने डीन मेडिकल कॉलेज सागर में फॉर्म



सबमिट करके यह दान दिया है, ताकि डॉक्टर और वैज्ञानिक उनके शरीर पर रिसर्च कर समाज में पनप रही बीमारियों का इलाज खोज सकें।

**एक महान कार्य के लिए साधुवाद :** ऐसे परम उपकारी कार्य के लिए केवल सिंह झारिया जी को साधुवाद दिया जाना चाहिए। उनके इस निर्णय से न केवल समाज को लाभ होगा, बल्कि यह मानवता की सेवा में एक अनोखा उदाहरण भी पेश करेगा। उनके इस कार्य से मेडिकल के क्षेत्र में नए अनुसंधान और खोज को बढ़ावा मिलेगा, जिससे कई लोगों की जिंदगी बचाई जा सकेगी।

**जिला कांग्रेस कमेटी का अभिनंदन:** जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री संजय ऊईके जी एवं बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे जी ने पुष्प गुच्छ भेंट कर केवल सिंह झारिया जी का अ भि नं द न किया। यह सम्मान उनके महान कार्य को और भी विशेष बनाता है। इस अवसर पर श्री ऊईके जी ने कहा कि केवल सिंह झारिया जी का यह कार्य हमें मानवता की सेवा के लिए प्रेरित करता है और हमें उनके आदर्शों पर चलने के लिए प्रोत्साहित करता है।

**एक प्रेरणादायक पहल:** केवल सिंह झारिया जी का यह कार्य न केवल उनके जीवन को सार्थक बनाता है, बल्कि यह समाज के लिए भी एक प्रेरणादायक पहल है। उनकी इस पहल से अन्य लोगों को भी अपने जीवन में मानवता की सेवा के लिए प्रेरित होने का अवसर मिलेगा।

### सरकार की आमद मरहबा लबैक या रसूलल्लाह, इस्लामी नारो की सदाओ से गुंजा शहर

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जश्ने ईद मिलादुन्नबी का पर्व

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** पैग़ंबरे इस्लाम हज़रत मोहम्मद साहब की यौमे पैदाइश पर मनाया जाने वाला पर्व, जश्ने ईद मिलादुन्नबी शुक्रवार को जिला मुख्यालय सहित अन्य तहसीलों व ग्रामीण अंचलों में मुस्लिम समाज द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जहां दिन भर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन किए गए। मुस्लिम धर्मावलंबियों के सबसे बड़े पर्व में अल सुबहा से ही इबादत का दौर शुरू हो गया।जहा घर घर खीर पूड़ी सहित अन्य मीठे पकवान बनाकर फातिहा दी गई।वही लोगो ने एक दूसरे को मिठाई बाटकर ईदमिलादुन्नबी नबी की मुबारकबाद पेश की।इसी कड़ी में हर साल की तरह इस साल भी नगर में जश्ने ईद मिलादुन्नबी का पर्व पूर्ण अक़ीदतो, धार्मिक विधि-विधानो और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जहां जश्ने ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर सुबहा 8,45 बजे जामा मस्जिद चौक में परचम कुशाई( झंडा फहराया) कि गई।जहां सलातो सलाम के बाद करीब 09 बजे इस्लामी नारो के साथ जुलूस ए मोहम्मदी शहर गस्त के लिए शानो शौकत के साथ रवाना हुआ।जहा जुलुस में शामिल गुलामे मुस्तफ़ाओ ने सरकार की आमद मरहबा₹ ₹लबैक या रसूलल्लाह₹ की सदाए बुलन्द की।



**अमनो अमान के संदेश के साथ रवाना हुआ जुलूस:** जश्ने ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर हर साल की तरह इस साल भी नगर की जामा मस्जिद से जुलूस ए मोहम्मदी निकला गया। यह जुलूस जामा मस्जिद से अंजुमन शादी हाल, चांदनी चौक बैहर रोड मार्ग से शास्त्री चौक होते हुए मरारी मोहल्ला से देवी तलाब रोड वहां इतवारी बाजार अज्जु गनी के सामने से इतवारी बाजार के अंदर से डॉ. चतुर मोहता के सामने से मेंन रोड होते हुए काली पुतली चौक पहुँचा।वहां से जेल के सामने से जय स्तंभ चौक, वहां से बूढ़ी हॉस्पिटल के सामने से अवन्ति चौक ,बैहर रोड रज़ा चौक से डॉ.खान गली से गुजरी होते हुए पुलिस क्वाटर के सामने से जामा मस्जिद वापस पहुँचा।जहां सलातो सलाम का नजराना पेश कर ,देश में अमन, चैन ,शांति और आपसी भाईचारे की दुआएं कर जुलूस ए मोहम्मदी का समापन किया गया।

**जुलूस का जगह जगह हुआ स्वागत, मरहबा के नारों से गुंजा नगर:** जश्ने ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर निकाले गए इस जुलूस ए मोहम्मदी का जगह जगह स्वागत किया गया। वही जगह जगह मिठाइयां,हलवा,खीर,छुवारे, शरबत सहित अन्य सामग्रियों का वितरण कर लोगो ने एक दूसरे को ईदमिलादुन्नबी की मुबारकबाद दी।इस दौरान जुलूस में शामिल धर्मालंबियों द्वारा लगाए गए नारे₹ सरकार की आमद मरहबा₹ ₹नारा ए तकबीर -अल्लाहो अकबर ₹ सहित अन्य इलामी नारो से शहर गूंज उठा।जहां जुलूस में शामिल धर्मालंबियों के साथ साथ नात खानों ने नात ए रसूल, सलातो सलाम सहित अन्य इस्लामी तरानों की प्रस्तुतियां दी,वही बच्चे व युवा हाथो में हरे झंडे लिए बुलंद नारो के साथ इस्लामी तरानों में मनमुग्द नजर आए, इसके अलावा जुलूस में शामिल अन्य लोगो को दरूद ए मोहम्मदी का जिक्र करते हुए देखा गया।जिन्होंने पैग़ंबरे इस्लाम हज़रत मोहम्मद साहब की यौमे पैदाइश पर अपनी खुशी का इज़हार करते हुए मोहम्मद साहब के पैगाम को जन जन तक पहुँचाया।

### विकसित भारत निर्माण में शिक्षकों का अमूल्य योगदान : गौरीशंकर बिसेन

# शिक्षक दिवस पर गुरूजन सम्मान तथा गौरव दिवस का हुआ वृहद आयोजन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन जो पेशे से शिक्षक रहे और देश को नई दिशा दी उनके जन्मदिवस को हम शिक्षक दिवस के रूप में मनाते है, देश के गुरूजन भारत का भविष्य गढ़ने का काम करते है। तात्कालीन मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चैहान ने जब इसे जिलास्तर पर भी यादगार बनाने के लिये कहा तो बालाघाट में भी 2009 से व्रहद रूप से शिक्षक दिवस सम्मान समारोह पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन के द्वारा मनाया जा रहा है फिर शिवराजजी ने प्रदेश के सभी नगरों का गौरव दिवस-जन्मदिवस मनाने की शुरुआत प्रदेश में करी जिस पर बालाघाट गौरव दिवस मनाने के लिये सभी से विचार विमर्श किया गया और सभी ने मिलकर निर्णय लिया की शिक्षक दिवस से अच्छा कोई दिन गौरव दिवस के लिये नहीं हो सकता है, इसलिए आज हम जहां शिक्षकों का सम्मान कर कृतज्ञता जता रहे है वहीं बालाघाट गौरव दिवस के रूप में भी उन विभूतियों का स्मरण कर रहे है जिन्होंने बालाघाट को उन्नत बनाने के लिये अपना सर्वस्व दिया है। जिसमें दीवान बहादुर मुलना साहब हैं ,जटाशंकर त्रिवेदीजी है जिनका बालाघाट के लिये अनुकरणीय योगदान रहा है उक्ताशय के विचार पूर्व केबिनेट मंत्री गौरीशंकर बिसेन ने 5 सितम्बर को स्थानीय उत्कृष्ट विद्यालय सभागार में शिक्षक दिवस एवं बालाघाट गौरव दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित वृहद समारोह में व्यक्त किये। नगर पालिका परिषद बालाघाट के तत्वावधान में हुये इस कार्यक्रम में गुरूजनों का तिलक वंदन,शाँल श्रीफल व पौधे भेंट कर सम्मान किया गया और उनके प्रति आदरभाव जताया गया। आयोजित समारोह में प्रमुख रूप से सेवानिवृत्त प्राचार्य एलसी जैन, वरिष्ठ शिक्षक ज्योतिषी सर,पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन,पूर्व मंत्री भाजपा ज़िलाध्यक्ष रामकिशोर कावरे,पूर्व विधायक रमेश भटेरे,पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग सदस्य मौसम बिसेन, पूर्व नपाध्यक्ष रमेश रंगलानी, राजकुमार रायजादा, सत्यनारायण अग्रवाल, संजय अग्निहोत्री,नपाध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष योगेश बिसेन, सभापति योगीता विनय बोपचे,वकील वाधवा, कमलेश पांचे, समीर जैसवाल,संगीता खगेश कावरे,उज्जवल आमाडारे,मनीष नेमा, मानक बर्वे,राकेश सेवईवार,गजेन्द्र भारद्वाज,जैनेंद्र कटरे के साथ समाजसेवी व पार्षदगण के साथ ही समस्त नगरपालिका अधिकारी-कर्मचारीगण एवं जिला शिक्षाधिकारी एके उपाध्याय, उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य शरद ज्योतिषी,सीएम राईज बालाघाट प्राचार्य नगर पालिका म्युनिसपल स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में सम्मानित गुरूजनों की उपस्थिति रही।

### तिलकवंदन, शाल-श्रीफल से किया गुरूजनों का सम्मान

शिक्षक सम्मान तथा बालाघाट गौरव दिवस समारोह का प्रारंभ भारत माता, डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन,एस.बी. वर्मा,दानवीर दीवान बहादुर मुलना के छायाचित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन करके किया गया। इसके पश्चात सरस्वती शिशु मंदिर की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत गायन किया। पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन समस्त अतिथिगण तथा नगरपालिका अध्यक्ष, सभापति एवं पार्षदों ने सभी गुरूजनों का तिलकवंदन के साथ ही शॉल-श्रीफल देकर सम्मान किया तथा उन्हें स्मृति चिन्ह भी प्रदान किये गये। शिक्षकों के प्रति आदरभाव जताते हुए मंचासीन अतिथियों ने प्रत्येक गुरूजनों को सम्मानित किया और उनके प्रति कृतज्ञता जताई।

### शिक्षा और विकास से भारत बनेगा विकसित राष्ट्र-गौरीशंकर बिसेन

समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन ने कहा कि शिक्षकों के बारे में जितना कहा जाये उतना कम है। वर्ष 2008 में मंत्री था तब शिक्षक दिवस को वृहद रूप में मनाने की सोची थी और उसी समय संकल्प पारित किया था कि उत्कृष्ट विद्यालय का नाम पूर्व प्राचार्य श्यामबिहारी वर्मा के नाम पर हो, दिक्कते आई किंतु हमने यह करके दिखाया है जिसका उद्देश्य यही था कि उनके व्यक्तित्व के बारे में लोग जाने शिक्षा जगत में उनके योगदान से प्रेरणा ले सके इसमें हम सफल भी हुये है। उन्होंने कहा कि शिक्षक अंकुर को गढ़ने का काम करता है संस्कारों का रोपण करता है जो भुलाया नहीं जा सकता है। एक शिक्षक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जब राष्ट्रपति बनकर देश की सेवा करता है तो शिक्षकों में कुछ करने का भाव उनके आदर्शों से जागृत होता है। दानवीर मुलना जी के प्रति हम गौरवान्वित होते है इसलिए बालाघाट के गौरव के रूप में उनको याद करते है। 2047 में जब हम भारत की विकसित राष्ट्र की कल्पना पूर्ण होगी, जिसके लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चिंतनशील व्यक्ति है दुनिया में मोदी जी भारत का नाम रोशन कर रहे है।उन्होंने देशहित में स्वदेशी अपनाने अव्हान किया जिसका हम सभी को पालन करना चाहिए शिक्षकों के योगदान की भी इसमें अपेक्षाएं है।वहीं आज का दिन बालाघाट नगर गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है मुझे स्मरण है आज से तीन वर्ष पूर्व हमने इस उपलक्ष्य में सरेखा आरओबी का भूमिपूजन किया था जिस ब्रिज ने आज अपना मूर्त स्वरूप ले लिया है यह देखकर हमें संतुष्टि होती है कि कैसे संघर्षों से संकल्प को पूरा किया जाता है मेरे द्वारा लिये गये गये तीन ओवर ब्रिज बनाने का संकल्प भी पूर्ण हो रहा है इसमें भू मैं अपने शिक्षकों का ही योगदान मानता हूँ ।

राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त मौसम बिसेन ने इस अवसर पर कहा कि हमारे जिले के बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, अनगिनत प्रतियोगिताओं, परीक्षाओं में उन्नत अंक अर्जित किये है जिससे कि जिले के छात्र मध्यप्रदेश में अव्वल आते है यह सबकुछ शिक्षकों की मेहनत और लगन से होता है कि जिले का छात्र अपने परिवार, समाज और शहर का नाम रोशन कर पाता है।मैं अभी तक का मैने सफर तय किया है इसमें भी शिक्षकों की भूमिका है में तो अपने आप को विद्यार्थी समझती हूं कुछ ना कुछ सीखने का काम निरंतर करती हूं। शिक्षकों के पास बेहतर सुझाव हो सकते है जिले को बेहतर बनाने के लिये जिससे कि उनका मार्गदर्शन मिले तो और अच्छा काम किया जा सकता है।

### एकता और सद्भाव बालाघाट की पहचान-मौसम

राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त मौसम बिसेन ने कहा कि शिक्षकों ने जीना सिखाया है जिसमें हर किसी के जीवन में आदर्श गुरू होते है जो ज्ञान प्रशस्त करने का काम करते है।

हम जो पद एवं प्रतिष्ठा का निर्वहन करते है उसमें शिक्षकों का प्रयास होता है। उन्होंने बताया कि तात्कालीन मुख्यमंत्री शिवराजसिंह ने घोषणा की थी कि जिले का गोरव मनाया जाये तो शिक्षक दिवस से अच्छा दिन कोई नहीं हो सकता था। हमारा जिला शांतिप्रिय जिला है, एकता और सद्भाव के वातावरण में हम यहां जीवन जीते है। हमारे जिले की पहचान हरा सोना जंगल, नीला सोना जल, सफेद सोना चांवल, काला सोना मैंगनीज और लाल सोना ताम्बा के रूप में होती है।

### हर क्षेत्र में बालाघाट को बनाना है नंबर वन-नपाध्यक्ष भारती

समारोह के अंत में सभापति योगिता विनय बोपचे ने आभार प्रकट किया वहीं नगर पालिका परिषद बालाघाट अध्यक्ष भारती पारधी ने भी उपस्थित गुरूजनों तथा गणमान्य अतिथियों का आभार जताते हुए कहा कि शिक्षक वटवृक्ष है जिनकी छाया में ज्ञान अर्जित कर हम अच्छे नागरिक बन सकते है, बालाघाट नगर में स्वच्छता को लेकर गंभीरता से कार्य किया जा रहा है हमारा लक्ष्य है कि स्वच्छ सर्वेक्षण में हमें बालाघाट को नंबर वन बनाना है साथ ही विकास कार्यो को और गति देनी है।

साथ ही समारोह में उपस्थित शिक्षकों एवं नागरिकों को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधे भेंट किये और अपेक्षा जताई गई कि इन पौधों को संरक्षित करते हुए हरियाली युक्त बालाघाट बनाने की दिशा में आप भी अपना योगदान दें।

### एक आरोपी गिरफ्तार, तीन फरार

## विद्युत करंट लगाकर जंगली सुअर का किया शिकार



**मामला वन विकास निगम लामता परियोजना मंडल बालाघाट के अंतर्गत आने वाले परियोजना परिक्षेत्र लामता के समनापुर सर्किल के ओरम्हा के कक्ष क्रमांक 1400 का**

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट ।** वन विकास निगम लामता परियोजना मंडल बालाघाट के अंतर्गत आने वाले परियोजना परिक्षेत्र लामता के समनापुर सर्किल के ओरम्हा के कक्ष क्रमांक 1400 से लगे राजस्व क्षेत्र में विद्युत करंट लगाकर जंगली सुअर का शिकार किया गया है। मुखबिर के सूचना के आधार पर संभागीय प्रबंधक के निर्देशन में परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी आर.पी. जगरे ने अपने वन अमले के साथ वन चौकी समनापुर पहुंचकर शिकार में लिप्त आरोपी विनोद वल्द कंचनलाल जाति ढीमर उम्र 26 वर्ष निवासी रोशना समनापुर के घर से पका हुआ सूअर का मांस लगभग 2 किलोग्राम व शिकार में उपयोग लाई गई सामग्री बरामद की गई है। तथा प्रकरण पंजीबद्ध कर पीओआर प्रकरण क्रमांक 202/02 दिनांक 2 सितम्बर को जारी किया गया। इसके अंतर्गत वन्यजीव सरंक्षण अधिनियम 1972 की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया हैं। उक्त आरोपी के निशानदेही पर मौके स्थल का निरीक्षण किया गया। निरिक्षण स्थल पर जंगली सुअर को विद्युत प्रवाह से मारा गया तथा उक्त स्थान से उठाकर नाले किनारे ले जाकर काटा गया। वहीं स्थल निरीक्षण कर पंचनामा बनाया गया तथा आरोपी विनोद वल्द कंचनलाल उके जाति ढीमर को पकड़कर पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। तथा माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर उक्त आरोपी को जेल भेज दिया गया है। वही उक्त शिकार मामले में 3 सहआरोपी फरार हैं, जिसकी तलाश जारी हैं जिन्हे जल्द ही पकड़कर माननीय न्यायालय में पेश किया जावेगा। उक्त कार्यवाही में परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी आर.पी. जरगे, सहायक परियोजना परिक्षेत्र सतीश कुमार कुम्हारे, रवि कुमार भारतीया, वनरक्षक जितेन्द्र कुमार बांगरे, शीतल कुमार दुबे क्षेत्ररक्षक, वाहन चालक कलीम खान, सुरक्षा कर्मिक सुरजलाल हनवत, राजकुमार इनवाती, प्रेमसिंह, राजेश, मिथुन धुर्वे की अहम भूमिका रही।